दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्वास्थ्य विभाग ने बनाया होम आइसोलेशन कंट्रोल रूम

**रायगढ़।** कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग रायगढ़ ने होम आइसोलेटेड कोविड मरीज और उनके परिजनों के उचित देखभाल हेतु आपातकालीन स्वास्थ्य सहायता व परामर्श के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है। यह कंट्रोल रूम 24×7 संचालित किया जा रहा है। इसमें 03 पालियों में चिकित्सकों की ड्यूटी लगायी गयी है। जिनके नंबर्स स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए हैं। जिस पर होम आईसोलेशन के दौरान सहायता के लिये काल कर संपर्क किया का सकता है। होम आईसोलेशन सहायता केन्द्र सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 7647921193, 7647921146, दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक 7647921172, 7647921147, रात्रि 8 बजे से सुबह 8 बजे तक 7647921175, 7647921184 एवं 24×7 व्हाट्सअप्प पर परामर्श हेतु 7647921154, 7647921157 नंबर है। आपात काल एम्बुलेंस सेवा 108 एवं छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य हेल्प लाईन नंबर 104 है।

### मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिये डिप्टी कलेक्टर गुप्ता नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़ ।** छ.ग.व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छ.ग.राज्य कृषि विपणन बोर्ड रायपुर के प्रस्ताव पर आयोजित मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा (एमएसआई 21)के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर पी.के.गुप्ता को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना समन्वयक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन रामकुमार चौहान को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### 10 अप्रैल को आयोजित नेशनल लोक अदालत हुआ स्थगित

**रायगढ़ ।** छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा प्रतिदिन तेजी से वृद्धि हो रहे कोरोना मरीजों के मामले को देखते हुए 10 अप्रैल 2021 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को आगामी आदेश तक के लिये स्थगित किया गया है।

### युवा आगे बढ़ कर सकारात्मक भूमिका निभाएं कोरोना संक्रमण को रोकने में

**रायपुर ।** वैश्विक महामारी के इस दौर में युवाओं को समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए आगे आना चाहिए। राज्य में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए आम जनता विषेष कर युवा ,स्वयं सेवी संस्थाएं और षासन मिलकर काम करेंगे तो इस पर नियंत्रण कर सकते हैं। युवाओं को स्वयं जागरूक रहना है कोरोना से बचने के लिए और अपने परिवार को ,मित्रों को भी इसके तरीके बताना है। सभी को कोरोना अनुकूल व्यवहार जैसे मास्क लगाना,भीड़ वाली जगहों में नही जाना,साबुन पानी या सेनेटाइजर से हाथ धोना आदि बार- बार बताना होगा। साथ ही युवाओं को अपने माता पिता और दूसरे बुजुर्गों के वैक्सीन का महत्व भी बताना होगा तथा वैक्सीन से जुड़ी भ्रांतियों को लेकर भी सही जानकारी देनी होगी और अपुष्ट जानकारी साझा करने से बचना चाहिए। सही जानकारी राज्य षासन, स्वास्थ्य विभाग या भारत सरकार की अधिकृत वेबसाइट,विष्व स्वास्थ्य संगठन आदि की वेबसाइट आदि से लेकर ही सोषल मीडिया में साझा करना चाहिए। आम लोगों में यह प्रचारित करना होगा कि वैक्सीन लगाने के बाद भी मास्क लगाना और दूसरी सावधानियां जरूरी हैं क्योंकि वैक्सीन की दोनो डोज लगने के बाद भी 70-80 प्रतिषत सुरक्षा ही मिलती है। नए निर्देष के बाद वैक्सीन की पहली डोज के 4से 8 सप्ताह के बाद दूसरी ड्रोज लगाई जा रही है दूसरी डोज के 15 दिन बाद षरीर में एंटीबाडी बनती है, यही एंटीबाडी षरीर को सुरक्षा देती है , तब तक और उसके बाद भी संक्रमण से बचने के लिए कोविड अनुकूल व्यवहार करना जरूरी है, यह प्रचारित किया जाना होगा।

### उधार में दिए रूपए को लेकर मारपीट, दो के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** उधार में दिए रूपए को लेकर युवक के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार देवपुरी टिकरापारा निवासी सुरेश महानंद 32 वर्ष ने थाने में दर्ज कराई है कि 5 अप्रैल को रात 8 बजे कुंदरापारा गुढ़ियारी निवासी जेन्ना कुक्कू बंगाली, मेडी ने उधार में दिए रूपए को लेकर विवाद कर गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर ईंट से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# होम आईसोलेटेड व्यक्ति के बाहर घूमते पाये जाने पर होगी एफआईआर और लगेगा 10 हजार का जुर्माना-कलेक्टर



**रायगढ़ ।** कोविड संक्रमित पाये गये ऐसे मरीज जो होम आईसोलेशन में रह रहे वे इस बात का विशेष ध्यान रखें कि वे घर से बाहर नहीं निकले। अगर घर से बाहर घूमते पाये जाते है तो उनके खिलाफएफआईआर दर्ज की जायेगी और साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगेगा। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर सिंह ने कहा कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुये हमें अत्यंत सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने सीएमएचओ से कहा कि पिछले बार जो प्राईवेट हास्पिटल में कोरोना बेड की व्यवस्था थी, उन्हें उसी ढंग से पुनः शुरू कराये तथा मेडिकल कालेज में कोरोना मरीजों के लिये बनाये जा रहे अतिरिक्त 100 बेड को तुरंत चालू करें। जहां टीकाकरण की संख्या कम हो रही है इसके लिए पार्षद, पटवारी, सचिवों, मितानिनों की सहायता लें और 45 से ऊपर सभी का जल्द से जल्द टीकाकरण करें। सोशल डिस्टेसिंग का पालन करवाये एवं मास्क के लिये अभियान चलाये। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र अंतर्गत इसकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने रात में अनावश्यक घूमने वालों पर कार्यवाही करने के लिए कहा। कलेक्टर सिंह ने कहा कि 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के वैक्सीनेशन के काम को 20 अप्रैल तक हर हाल में शत-प्रतिशत पूर्ण करना है। उन्होंने होम आईसोलेशन वाले मरीजों के घरों के बाहर अनिवार्य रुप से पोस्टर लगाने के लिए कहा। जहां मरीज ज्यादा मिल रहे है वहां कंटेनमेंट जोन बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने 45 वर्ष से ऊपर सभी शासकीय कर्मचारी को वैक्सीनेशन करवाने के निर्देश दिये। साथ ही फ्रंट लाईन वर्कर्स के सभी लोगों को कोविड के सेकेण्ड डोज को तत्काल लगवाने के लिए कहा।

**गोधन न्याय योजना की हुई समीक्षा-** कलेक्टर सिंह ने बैठक में गोधन न्याय योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने गौठानों में गोबर का जो गो कास्ट तैयार किया गया है सभी सीएमओ उसे एप में एन्ट्री करें। साथ ही गोबर से खाद के अलावा और कुछ उत्पाद बनवाया गया है उसकी भी एन्ट्री करें। उन्होंने कहा कि खाद बनाने का जो लक्ष्य मिला है उसे पूर्ण करना प्रभारी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने गोबर खरीदी के भुगतान का हिसाब रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोठान समिति के खाते में कितने पैसे उपलब्ध है, कितने की गोबर खरीदी और कितने का कम्पोस्ट विक्रय हुआ इसकी पूरी जानकारी गौठानवार तैयार करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने गोठानों में बने शेड एवं वर्मी पिट की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन गोठानों में शेड नहीं है उसे लिस्ट बनाकर प्रस्तुत करें। उन्होंने एक महीने से पुराना गोबर बाहर नहीं रखने के निर्देश दिए।

**ट्री गार्डन के रूप में दिखे गोठान-** कलेक्टर सिंह ने सभी जनपद सीईओ से कहा कि गौठानों के किनारे-किनारे पौधे लगाये, जिससे कि गोठान ट्री गार्डन के रूप में दिखे। इससे वहां के गायों को भी छाया मिल सकेगी। उन्होंने एनएच रोड में भी पौधे लगाने के निर्देश दिये। जिससे शहर की सौन्दर्यता बढ़ सके।

**स्वीकृत रोड को तत्काल करें पूर्ण-** कलेक्टर सिंह ने सड़क निर्माण की धीमी प्रगति पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि टेण्डर हो जाने के चार माह बाद रोड का काम चालू नहीं हुआ है। उन्होंने स्वीकृत हुये सभी रोड के कार्य अविलंब प्रारम्भ करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सिंह ने केसीसी बनाने के लिये कैम्प लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा किसानों का केसीसी बनाना है। उन्होंने मुख्यमंत्री जन चौपाल एवं कलेक्टर जनचौपाल में मिले प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने हाट-बाजार क्लिीनिक योजना, आरबीसी 6-4 के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली। ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय भवनों पर रेन हार्वेस्टिंग के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत रवि मित्तल, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्रा, आयुक्त नगर निगम आशुतोष पाण्डेय, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, ज्वाईट कलेक्टर अभिषेक गुप्ता सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के एम्बुलेंस को कलेक्टर भीम सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट कैम्पस से मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के लिए 03 एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। ये एम्बुलेंस बरमकेला, सारंगढ़ एवं लोईग विकासखण्ड के लिये रवाना की गई है।



सीएमएचओ डॉ.केशरी ने बताया कि कलेक्टर भीम सिंह की पहल से जिले में हाट-बाजार क्लीनिक योजना के बेहतर संचालन के लिए डीएमएफ मद से यह 03 एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई गई है। इसमें डॉक्टर, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहेंगे। यह एम्बुलेंस बरमकेला, सारंगढ़, लोईग विकासखण्ड के हाट-बाजारों में रोस्टर अनुसार जायेगी। जहां गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग एवं प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं उपचार, प्रसव पूर्व एवं उपरांत जांच, दवाईयों का वितरण, जटिल रोगों की पहचान कर रिफर करना, टीकाकरण, किशोर बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच तथा स्वास्थ्य शिक्षा, मलेरिया एवं अन्य रक्त जांच, अंधत्व निवारण, क्षय रोग संबंधित जानकारी एवं दवा का वितरण किया जाएगा।

इस मौके पर ज्वाईट कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, जिला मीडिया अधिकारी श्रीमती उमा महंत, बायोमेडिकल इंजीनियर नीतिराज सिंग, वाहन शाखा प्रभारी कुंदन सिंह ठाकुर एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेट्रोलिंग के दौरान सुनशान जगहों पर मिले नाबालिगों को रक्षा टीम की कड़ी फटकार

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर रायगढ़ पुलिस की महिला रक्षा टीम जागरूकता कार्यक्रम के अलावा प्रतिदिन शहर के प्रमुख चौंक-चौराहों, बाजार, पार्क के समीप, मंदिर, तालाब आदि स्थानों पर सादे कपड़ों में पेट्रोलिंग कर लड़कियों से छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर निगाह रखती है । पेट्रालिंग दौरान रक्षा टीम में कार्यरत मंजु मिश्रा एवं स्टाफ द्वारा सुनशान पर घूमते युवक-युवतियों को उनकी सुरक्षा के लिहाज से समझाईश भी दिया जाता है ।

इसी क्रम में आज दिनांक 06.04.2021 को रक्षा टीम को पेट्रोलिंग दौरान थाना कोतवाली अन्तर्गत कच्छवाहा तालाब के पास सुनशान जगह पर तीन लड़के व एक लड़की दिखे, जिनमें से एक लड़का लड़की को डांट फटकार कर रहा था । रक्षा टीम मौके पर पहुंचकर लड़की से पूछताछ करने पर लड़को को जान परिचित होना बताई, उनके बीच झगड़ा विवाद होने की जानकारी मिलने पर प्रधान आरक्षक मंजु मिश्रा द्वारा लड़कों को कड़ी फटकार लगाकर घर जाने की समझाईश दी व लड़की को साथ लेकर उसके घर पहुंचाया गया ।

लड़की के परिजनों भी अकेले तालाब की ओर शाम के समय जाने पर उसे डांट फटकार किये । तब रक्षा टीम के सदस्यों द्वारा नाबालिग को डांट फटकार न करने एवं उसका विशेष ध्यान रखने की समझाईश परिजनों को दिया गया।

## महापौर जानकी काट्जू ने शहीद दीपक भारद्वाज समेत सभी जवानों को दी श्रद्धांजलि

**रायगढ़ ।** बीजापुर में नक्सलियों द्वारा क्रूर हमले में शहीद हुए दीपक भारद्वाज के गृहग्राम पहुँचकर उन्हें एवम जवानों को नगर निगम महापौर जानकी काट्जू ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया, ज्ञात हो कि नक्सली हमले में शहीद हुए जवानों में ग्राम पिहरिद जांजगीर जिला के दीपक भारद्वाज जो कि रायगढ़ नगर निगम के महापौर जानकी काट्जू के मामा के लड़के है साथ ही यही ग्राम महापौर का मायका भी है, वे भी इस हमले में शहीद हो गए है ,खबर सुनकर महापौर अपने परिवार समेत पिहरिद पहुँचे,और परिवारजनों को ढांढस बंधाया,अभी 3 दिनों तक वे मामा घर मे ही रहेंगी।

महापौर जानकी काट्जू ने बताया कि मैं इस घटना से हतप्रद हूँ,शहीदों की शहादत को नमन करते हुए कहा सैनिकों के मजबूत कंधों पर देश की बुनियाद टिकी है हमारा गुलशन उन्हीं की बदौलत गुलजार है और हम सब आजाद हवा में चमन भरी सांसे ले रहे हैं सैनिक हमारे देश की आन बान और शान है शहीद जवान आज भी हमारे दिलों में जिंदा है हमे उन पर गर्व है माटी के लालो को मेरा सलाम है उन्होंने कहा कि शहीद दीपक भारद्वाज व सभी जवानों को नमन करती हूँ ।

## शराब सेवन, बिना लायसेंस, 3 सवारी दुपहिया चालकों का कटा चालान

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत पिछले महीने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्यवाही पर असंतोष व्यक्त कर सभी थाना, चौकी प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाये । उनके द्वारा विशेषकर शराब सेवन कर वाहन चलाने, हाइवे पर खतरनाक तरीके से खड़ी वाहनों एवं लापरवाह वाहन चालकों के ड्रायविंग लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही अपेक्षाकृत कम किया जाना बताया गया और निर्देशित किये कि प्रतिदिन बिना मास्क की कार्यवाही के साथ अधिक से अधिक मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही करें । साथ ही डीएसपी ट्राफिक को आरटीओ विभाग के साथ मिलकर भारी एवं यात्री वाहनों की फिटनेश जांच के लिये कैम्प लगाकर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है ।



निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 06.04.2021 को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा पहाड़ मंदिर की ओर से शहर में प्रवेश करने वाले वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच किया गया ।

इस दौरान बिना मास्क/फेस कवर के मिले 03 व्यक्तियों पर संशोधित राशि से जुर्माना राशि का चालान किटा गया तथा दुपहिया वाहनों की जांच दौरान - बिना लायसेंस 01 वाहन चालक, 03 बिना हेलमेट, तीन सवारी के 26 प्रकरण बनाये गये जिनसे संशोधित मोटर व्हीकल एक्ट के तहत समन शुल्क राशि का चालान काटा गया । वाहन चेकिंग दौरान एक वाहन चालक शराब के नशे में मिला जिस पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वाहन की जप्ती कर इस्तगासा तैयार किया गया । विदित हो कि गत दिनों धारा 185 एमव्ही एक्ट के प्रकरणों में माननीय न्यायालय द्वारा सभी वाहन चालकों को 10,000-10,000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया था ।

वाहन चेकिंग दौरान बहुत से स्कूली छात्र दुपहिया चलाते मिले, जिनके पालकों को थाना बुलाया गया है । थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अंभिनवकांत सिंह द्वारा पालकों के साथ स्कूल प्रबंधन से भी चर्चा कर नाबालिगों को वाहन लेकर स्कूल न जाने की समझाईश देना बताया गया है।

# वन चरौदा और बैहार गौठान की तरह विकसित होगा संबलपुरी गौठान- आशुतोष पांडेय

### » संबलपुरी गौठान बन रहा गौधन न्याय का केंद्र-नोडल अधिकारी

**रायगढ़।** जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे द्वारा शहरी गठान संबलपुरी को व्यवस्थित और रोजगार मूलक बनाने लगातार प्रयास जारी है 19 एकड़ में बसे संबलपुरी गौठान को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जनवरी माह में शुभारंभ किया गया तब से आज तक की स्थिति में बहुत परिवर्तन भी आया है गायों की संख्या बढ़ गई ,चारा, पानी, शेड आदि की व्यवस्था भी बड़ी अब गोधन न्याय योजना को साकार करने वहां वर्मी कंपोस्ट शेड की तैयारी तीव्र गति से चल रही है निगमायुक्त ने संबलपुरी गौठान को और अधिक व्यवस्थित सौंदर्य और महिलाओं हेतु रोजगार मूलक बनाने राज्य अंतर्गत वन चरौदा गौठान एवं बैहार गौठान जो आरंग के पास स्थित है वहां की व्यवस्था सुविधाओं एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं के कार्य एवं खाद उत्पादन बाड़ी से प्राप्त सब्जियों के उत्पादन आदि की जानकारी प्राप्त कर रायगढ़ के गौठान विकास हेतु आयुक्त आशुतोष पांडेय नगर निगम रायगढ़ से गौठान के नोडल अधिकारी धर्मेंद्र पांडेय गौठान समिति गौ माता मित्र समिति के संचालक शिवराज साहू एवं जनसंपर्क अधिकारी दीपक आचार्य को गोठान निरीक्षण के लिए एक दिवसीय ट्रेनिंग एवं निरीक्षण में भेजा गया वहां से उपयोगी जानकारी एवं ट्रेनिंग लेकर पहुंचे।




विभाग के स्थापना अधिकारी एवं गौठान के नोडल अधिकारी धर्मेंद्र पांडेय ने बताया कि रायगढ़ संबलपुरी गौठान और वन चरोदा तथा बैहार गौठान में हमें मुख्य अंतर यह नजर आया कि संबलपुरी में गौठान अंतर्गत गौ अभ्यारण की तरह रखे गए हैं जिनका देखभाल लालन पोषण में समय साधन संसाधन और खर्च है जबकि वन चरौदा बैहार गौठान में गाय केवल चरागाह की तरह चरने आते हैं वहां गोबर खरीदी कर वर्मी कंपोस्ट खाद बनाया जा रहा है और यहां सेड बनाने के बाद खाद बनाना आसान हो जाएगा अगरबत्ती साबुन आदि बनाने की मशीन को वहां पंचायत द्वारा दिया गया है यहां भी पूर्ण व्यवस्थापन के बाद मशीनों से सामग्री बनाना संभव है वहां नेपियर घास की पैदावार अत्यधिक मात्रा में की गई है जिससे कम खर्च में कई सेड बनाए गए हैं केवल बांस बल्ली का खर्च लगा है मुर्गी पालन के साथ मछली पालन भी रोजगार और आय उपलब्ध करा रहे हैं वहां पैरा दान में भी मिल रहा है जो चारा में बहुत ही सहायक है पक्की टंकियों से ज्यादा लोवेस्ट की टंकिया बनी है जिसमें केंचुआ डालकर खाद बनाया जा रहा है मैहर में गौठान ढाबा भी बनाया गया है जहां लोग भोजन कर सकते हैं हमने वहां देखा कि महिलाएं सेवा भाव के साथ कार्यों को कर रही हैं उनके आय के स्रोत में धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है संबलपुरी गौठान भी गौअभ्यारण के साथ बहुत जल्द गोधन न्याय योजना का केंद्र बनेगा।

बैहार गौठान के मनरेगा शाखा तकनीकी सहायक मुकेश कुमार ने बताया कि बैहर गौठान 22 एकड़ में फैला है जिसमें 3 एकड़ में गौठान 5 एकड़ में बाड़ी ढाई एकड़ में तालाब,बचा हुआ एरिया चारागाह के रूप में है जिसमें नेपियर घास लगाया गया है फलदार वृक्ष भी लगाए गए हैं जहां भु वर्मी ,पक्का वर्मी साथ ही वर्मी बेड उपलब्ध है जहां गौ धन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी होती है अब तक यहां 99 क्विंटल गोबर खाद बनाया गया है और लगभग 58 क्विंटल विक्रय किया जा चुका है खाद बनाने का कार्य कृषि विभाग के सहयोग से एन आर एल एम के तहत स्व सहायता समूह की महिलाएं करती हैं।

## महिला बाल विकास विभाग में भृत्य की नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

**रायगढ़।** थाना खरसिया में आज दिनांक 06.04.2021 को आवेदक हितेन्द्र कुमार चौहान पिता मंगल लाल चौहान 32 साल, निवासी खरताल चौकी अड़भार थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा के शिकायत पत्र की जांच पर से मां-बेटे पर धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।




जानकारी के अनुसार आवेदक हितेन्द्र कुमार चौहान द्वारा अनावेदकगण (1) लक्ष्मी देवी चौहान पति स्व0 बिराजी चौहान (2) सुरेश कुमार पिता स्व0 बिराजी चौहान निवासी रनपोता थाना हसौद जिला जांजगीर चांपा के विरूद्ध प्रेषित शिकायत पत्र जांच के लिये थाना प्रभारी खरसिया को प्राप्त हुआ । शिकायतकर्ता के अनुसार सितम्बर 2018 में श्रीमती लक्ष्मीदेवी चौहान (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) घर आकर जिला महिला एवं बाल विकास कोरबा में भृत्य पद में इसे और इसके चचेरे भाई राहुल चौहान पिता रामप्रसाद चौहान ग्राम झारीडीह को नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाकर दिनांक 25/09/2018 से 08/01/2019 तक 72,500 रूपये ले लिये । इसके बाद लक्ष्मीदेवी और उसका पुत्र सुरेश इकरारनामा लिखकर दिये कि नौकरी नहीं लगा पाने पर 72,500 रूपये को 5 रू. ब्याज के साथ से वापस कर दूंगी पर उनके द्वारा नौकरी नहीं लगाया गया और अब पैसा वापस नहीं कर झूठे केश में फंसाने की धमकी दे रहे हैं । शिकायत पत्र पर से अनावेदक मां, बेटे पर थाना खरसिया में अप.क्र. 221/2021 धारा 420, 34 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480